कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
Phone/ Fax: 0135-2767611
E-mail:nodalofficerddn@gmail.com

पत्रांक– 390 /FP/UK/ROAD/66802/2020 :देहरादूनः दिनांकः 05 अगस्त, 2022

सेवा में,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद–पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अंर्तगत बौन से गो तक मोटर के निर्माण हेतु 0.95 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–142/12–1, दिनांक 08.07.2022. एवं इस कार्यालय का पत्रांक–273, दिनांक–29.07.2021

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके कम में इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में निम्न कमियां इंगित की गयी थी, अवगत कराना है कि आपके उक्त पत्र दिनांक–08.07.2022 द्वारा पुनः प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, परन्तु प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त विदित हुआ है कि आपके द्वारा पूर्व में लगाई गयी आपत्तियों का निराकरण प्रस्तावक विभाग/प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पूर्ण रूप से नहीं कराया गया है। उक्त प्रस्ताव में पूर्व में इंगित कमियां वर्तमान में प्रेषित प्रस्ताव में यथावत दृष्टिगत हो रही है। इसके अतिरिक्त निम्न कमियों का निराकरण किया जाना भी अपेक्षित हैः–

1. प्रस्ताव में लगायी गयी विषय सूची प्रस्ताव के अन्त में लगायी गयी है जो कि प्रस्ताव में मुख्य पृष्ठ पर लगायी जानी है। प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्रों को कमवार नहीं लगाया गया है एवं पृष्ठ संख्या अंकित की जानी अपेक्षित है।
2. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–4 संयुक्त निरीक्षण रिर्पोट में प्रभागीय वनाधिकरी के हस्ताक्षर किये जाने है।
3. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–11.1 लैन्ड़ शैड्यूल में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जाने अपेक्षित है।
4. प्रस्ताव में इंगित पूर्व में लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया है। प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्ति संख्या–04,05,06,07 एवं 08 का पूर्ण रूप से निराकरण कर सूचना आख्या उपलब्ध की जानी है।

अतः पत्र की प्रति संलग्न कर पुनः इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण में उपरोक्त वर्णित कमियों का निराकरण संबधित प्रभागीय वनाधिकारी/प्रयोक्ता अभिकरण के माध्यम से करवाकर बिन्दुवार सूचना/आख्या सुस्पष्ट संस्तुति सहित ऑनलाईन/ऑफलाईन 03 हार्डप्रति में इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
05/08/22
(एस0एस0रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल
अधिकारी,वन संरक्षण,उत्तराखण्ड़ देहरादून।

संख्या /FP/UK/ROAD/66802/2020 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़, वन प्रभाग, पिथौरागढ़ को इस आशय से कि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समस्त शर्तो का पूर्ण रूप से निराकरण कर सूचना/आख्या संबधित वन संरक्षक के माध्यम से संस्तुति सहित इस कार्यलय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़।

(एस0एस0रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण,उत्तराखण्ड़ देहरादून।